पाटन थाने में पुलिस नफरी का अभाव, अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान

पाटन, (निसं)। इन दिनों आम जन को सुरक्षा मुहैया करवाने वाला पुलिस विभाग पुलिस नफरी के अभाव में स्वयं बीमार चल रहा है, इसका खामियाजा परिवाद दर्ज करवाने वाले परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।

पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि परिवादियों का परिवाद तुरंत दर्ज किया जाए तथा तुरंत प्रभाव से अनुसंधान करवा कर मुलजिम को गिरफ्तार कर परिवादियों को न्याय दिलवाया जाए, परंतु न्याय कहां से मिले पुलिस नफरी के अभाव में परिवादी का परिवाद ही थानों में दर्ज नहीं होता। जबकि पुलिस थानों के बाहर मोटे मोटे अक्षरों में लिखा होता है ''अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास'' यह स्लोगन केवल दिखावटी साबित हो रहा है। इस बारे में पुलिसकर्मियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने अपनी दबी जुबान से कहा कि पाटन थाने के अंतर्गत 84 गांव आते हैं नफरी के अभाव में समय पर कोई काम नहीं होते। जबकि डाबला में नया थाना तथा जिलों में पुलिस चौकी सृजित हो चुकी है उसके बावजूद भी यहां 1960 के अनुसार सरकार द्वारा जो नफरी निर्धारित की गई थी वही नफरी आज तक ज्यों कि त्यों चली आ रही है। 1960 से 2023 की जनगणना देखी जाए तो लगभग 12 से 15 गुना जनसंख्या में वृद्धि हुई है उसके बावजूद भी आला अधिकारियों का ध्यान इस थाने की तरफ नहीं गया।

पाटन में आम जन को सुरक्षा मुहैया करवाने वाला पुलिस विभाग नफरी के अभाव में स्वयं बीमार चल रहा है।

पाटन थाना सीआई थाना होने के बावजूद भी अभी तक इस थाने में सीआई नहीं लगाया गया। थाने में कई वर्षों से नफरी की कमी चली आ रही है जिस कारण क्षेत्र के लोग असुरक्षित तथा भय के साए में जीने को मजबूर है। वर्तमान में यह थाना मात्र 26 लोगों के भरोसे पर चल रहा है जबकि इस थाने में आज के समय अनुसार कम से कम सो पुलिस कर्मचारियों की जरूरत है। पाटन थाने से सीकर की दूरी 100 किलोमीटर है तथा पाटन थाने से महज 6 किलोमीटर की दूरी के बाद हरियाणा की सीमा प्रारंभ हो जाती है। ऐसी स्थिति में अपराध को अंजाम देने वाले अपराधी फरार हो जाते हैं क्योंकि पुलिस के पास ना तो नफरी होती है और ना ही पुलिस के पास अच्छे संसाधन है। पाटन एवं डाबला थाने में मात्र एक एक डीआई महिंद्रा गाड़ी है जो अपराधियों की गाड़ी पकड़ने में नाकामयाब हो जाती है। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए हसामपुर एवं रामपुरा बेगा की नांगल में भी पुलिस चौकी का होना बहुत जरूरी है जिससे अपराध पर नियंत्रण किया जा सके। वर्तमान में पाटन थाने में एक सीआई, एक सब इंस्पेक्टर, 4 हेड कांस्टेबल, 28 कांस्टेबल के पद सृजित है परंतु अधिकारियों की अनदेखी के कारण एक सब इंस्पेक्टर, 3 हेड कांस्टेबल, 20 कांस्टेबल ही मौजूद है। इनमें से भी अधिकांश पुलिस कर्मियों को खाटू श्याम बाबा भिजवा दिए जाते हैं तथा अभी जीण माता का मेला लगा होने से वहां भिजवा दिए गए हैं। पुलिसकर्मियों के अभाव के चलते थानों में आने वाले नोटिस, सूचना, ऑनलाइन परिवाद एवं अन्य कागजों का ढेर लगा रहता है जिनको समय पर नहीं निपटाया जा सकता है। एक पुलिसकर्मी कोर्ट में चला जाता है, एक कंप्यूटर पर काम करता है ऐसे में ना तो परिवादियों का परिवाद दर्ज होता है और ना ही मुल्जिमों की गिरफ्तारी समय पर होती है। अत्यधिक पुलिस कर्मी कार्य के दबाव में डिप्रेशन में रहते हैं जिनको ना समय पर छुट्टी मिलती है और ना ही वे छुट्टी कर पाते हैं। यही हाल डाबला पुलिस थाने का है जहां अभी तक इंचार्ज नहीं लगाया गया है। जीलो में चौकी तो स्थापित हो गई है परंतु उस चौकी में मात्र 3 पुलिस कांस्टेबल ही तैनात है ऐसे में पुलिस से क्या उम्मीद की जा सकती है। सीकर जिले के अंतिम छोर व हरियाणा बॉर्डर का थाना होने के बावजूद भी ना तो सरकार का इस थाने की तरफ ध्यान है और ना ही पुलिस विभाग में बैठे उच्च अधिकारियों का इस थाने की तरफ ध्यान है, जबकि इस थाने में साल में लगभग एक हजार से अधिक प्रकरण दर्ज होते हैं उसके बावजूद भी थाने की तरफ किसी भी बड़े अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

लापरवाही से बस चलाने का आरोप

रतनगढ़, (निसं)। उदयपुर निवासी 38 वर्षीय पुष्पेंद्र मन्दावत ने गुरुवार को पुलिस को रिपोर्ट दी है कि वह कर्नाटक की एक फार्मासिस्ट कम्पनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत है 17 मार्च को वह कम्पनी के काम से श्री गंगानगर गया था और 17 मार्च की रात वह श्री गंगानगर से स्लीपर बस में सवार होकर अपने शहर उदयपुर जा रहा था। रात करीब साढ़े 11 बजे गोगासर के पास बस ड्राइवर की लापरवाही से बस पलट गई, हादसे में मेरा दाहिना हाथ टूट कर लटक गया, ओर बायां हाथ तथा पैर में भी गम्भीर चोट आई थी। राहगीरों ने मुझे रतनगढ़ के जिला अस्पताल पहुंचाया जंहा प्रथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर कर दिया, बीकानेर में डॉक्टर ने बताया की आपका दाहिना हाथ काटना पड़ेगा अब आपका दाहिना हाथ कभी काम नही कर पाएगा, और बांए हाथ की भी सर्जरी करनी पड़ेगी तभी काम कर पाएगा। बीकानेर में इलाज होने के बाद मुझे अस्पताल से छुटी तो मिल गई लेकिन उपचार जारी है और ड्राइवर की लापरवाही से मेरा एक हाथ काटना पड़ा। पुलिस ने धारा 279 व 337 में मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच सब इंस्पेक्टर गीता बिश्नोई कर रही है।

सार-समाचार

टैगोर की अनुष्का ने जीता मैडल

झुंझुनूं, (निसं)। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 18 व 19 मार्च को आयोजित हुई खेलो इंडिया महिला लीग में झुंझुनूं जिले की द टैगोर स्कूल की छात्रा अनुष्का ने सिल्वर मैडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। डायरेक्टर तरूण अहलावत ने बताया कि 52 किलो भार वर्ग में छात्रा अनुष्का गुर्जर ने रजत पदक प्राप्त किया। अहलावत ने बताया कि टैगोर स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है। इसी का परिणाम है कि पूरे शैक्षिणक सत्र में स्कूल के विद्यार्थी भिन्न-भिन्न खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए हैं। जिनमें से सौरभ बुडानिया, मोहित झाझड़िया, चिराग शेखावत, कवित चाहर, निखिल बुडानिया ने राज्य स्तर पर सेपक तकरा में गोल्ड मेडल, सर्वेश ने जिला स्तर पर शूटिंग गोल्ड मेडल जीता है। वहीं रोहित का रग्बी में राज्य स्तर पर चयन होना विद्यालय के लिए खुशी की बात है। अहलावत ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी इसी प्रकार प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। ताकि विद्यार्थियों का मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास हो सके।

शहीद दिवस पर निकाला पैदल मार्च

चिड़ावा, (निसं)। शहर में आज शहीद दिवस पर उपखंड मुख्यालय से पैदल मार्च निकाला गया। पैदल मार्च को नायब तहसीलदार संजय खेदड़, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पैदल मार्च एसडीएम कार्यालय परिसर से शुरू होकर कोर्ट रोड, विवेकानन्द चौक, तिरंगा स्थल, मुख्य बाजार, सेखसरिया मार्केट होते हुए अरडावतिया कॉलोनी स्थित राजकला राजकीय बालिका उमावि पहुंची। इसमें लोहिया स्कूल, राजकला, अड़ूकिया स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। यहां पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रार्थना, गीत और भजनों की प्रस्तुति दी गई। सभी ने शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर भी श्रद्धांजलि दी। वहीं वक्ताओं ने शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

अहिंसा मार्च को किया रवाना

चूरू, (कासं)। इन्द्रमणी पार्क में अतिरिक्त जिला कलक्टर लोकेश गौतम ने शहादत दिवस पर अहिंसा मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अहिंसा मार्च इंद्रमणि पार्क से रवाना होकर स्टेशन रोड से होते हुए जिला कलक्ट्रेट परिसर में गाँधी प्रतिमा स्थल तक पहुंची। गाँधी प्रतिमा स्थल पर एडीएम लोकेश गौतम एवं उपस्थित जनों ने महात्मा गाँधी की प्रतिमा को सूत की माला पहनाकर एवं शहीद.ए.आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में रामधुनी और भजन गाकर शहीदों की शहादत को याद किया तथा दो मिनट का मौन रखकर नमन किया। एडीएम लोकेश गौतम ने कहा कि इन शहीदों की शहादत ये देश सदैव याद रखेगा। गायक राजेंद्र चौबे, प्रभुदयाल सैनी, लक्ष्मी शर्मा, गिरधारीलाल ने तू ही राम है की प्रस्तुति दी। इस दौरान तारानगर प्रधान संजय कस्वां, गाँधी जीवन दर्शन समिति के जिला उपसंयोजक रियाजत खान, एपीआरओ मनीष कुमार, जमील चौहान, डॉ. बीएल मेहरा, प्रोफसर विनीत ढाका, प्रोफेसर लालचंद, मुबारक भाटी, नर्सिंग स्टूडेंट्स, एनसीसी केडेट्स व स्काउट गाइड सहित अन्य लोग मौजूद थे।

हिंदू नववर्ष का भव्य स्वागत

चिड़ावा, (निसं)। शहर में हिंदू नव वर्ष का भव्य स्वागत किया गया। शहर की हृदयस्थली विवेकानंद चौक में विवेकानंद सर्किल पर श्री विवेकानंद मित्र परिषद के तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष मनाया गया। इस दौरान परिषद कार्यकताओं ने दीप प्रज्वलित कर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर परिषद संरक्षक जयराम स्वामी, रोहिताश्व महला, महेश शर्मा धन्ना, मनोज मान, संजय दाधीच, रवि भारतीय, अशोक शर्मा, मनोज सोनी सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया

सुजानगढ़, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पेड-पौद्यों को पानी देने के साथ ही परिसर में उगी हुई कंटीली झाडियों एवं घास-फूस को साफ किया।

55 गांवों से होकर गुजरी अमृत जलम कलश यात्रा चिड़ावा पहुंची

चिड़ावा, (निसं)। रामकृष्ण-जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान की ओर से विश्व जल दिवस पर निकाली जा रही अमृत जलम कलश यात्रा का समापन बुधवार डालमिया खेलकूद परिसर में हुआ। जहां जल संरक्षण को लेकर विचार संगोष्ठी रखी गई। जिसमें पं.प्रभुशरण तिवाड़ी ने कहा कि जल है तो ही कल है। जल संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाना चाहिए।

वहीं बीडीओ रणसिंह चौधरी, पर्यावरण प्रेमी बीरबलसिंह चौहान, परियोजना प्रबंधक भूपेंद्र पालीवाल ने बतौर अतिथि शिरकत की। वक्ताओं गिरते जल स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियों के लिए पानी बचाना होगा। जिसके लिए साझा प्रयास जरूरी हैं। डॉ.महेंद्र नेहरा ने जल का सदुपयोग करने की बात कही। परियोजना प्रबंधक पालीवाल ने संस्थान के जल-पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। जल समन्वयक संजय शर्मा में कलश यात्रा के उदेश्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि गिडानिया से शुरू हुई पांच दिवसीय यात्रा 55 गांवों से होकर गुजरी। जहां ठामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इससे पहले यात्रा के अंतिम दिन अक्षय प्रतिष्ठान से डालमिया खेलकूद परिसर तक कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में ठाम मालपुरा के शेरसिंह सोमरा को जल संरक्षण के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर शुभेंद्र भट्ट, कुलदीप कुल्हार, बलवान सिंह, सूरजभान, राकेश महला, महेंद्र गौरा, अजय बलौदा, रवीन भैड़ा, नरेश आलडिय़ा, अनिल शर्मा, अनिल सैनी, सुनील नारायण, सत्यवीर सिंह आदि मौजूद थे।

विश्व जल दिवस पर निकाली जा रही अमृत जलम कलश यात्रा का समापन डालमिया खेलकूद परिसर में हुआ।

नारियल बांधकर मांगी मनौती

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)। क़स्बे में 26 मार्च को निकलने वाली विशाल भगवा रैली की सफलता की कामना के लिए मंगलवार को गणेश जी महाराज और सालासर बालाजी के मंदिर में नारियल बांधकर मनौती मांगी। यहां मैरिज गार्डन में रैली को आयोजित मीटिंग में पराक्रम राठौड़ चूरू, वाहिनी के संरक्षक पवन गोयनका, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष ललित पुरोहित, पूर्व प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री मनोज बाटड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, युवा खूड़ी मंडल अध्यक्ष संदीप कस्बा, भवानी सिंह खेड़ी, सरपंच नरेंद्र ढुकिया, अरुण चौधरी, युवा मोर्चा के ललित पवार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनीत सोनी, पार्षद अमित जोशी, अंकुर गोयनका, कमल तिवारी, शशांक जोशी, युवा नेता सर्वोत्तम वेद, व्यापारी सुरेश जाजोदिया, पार्षद पवन बाल्मीकि, अमित जोशी, कमल शर्मा, महेश बिजारणियां, विक्रम सिंह तवर, मुकेश सैनी, सुरेश जांगिड़, विनोद पाराशर, राजेश जोशी, पंकज सैनी, सर्वोत्तम वैद्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नरेश शर्मा, मिंटू सेन, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दीपक व्यास, जयशंकर पुजारी, संदीप शर्मा।

हिंदू नववर्ष के अवसर पर वाहन रैली निकाली

नवलगढ़, (निसं)। भाजपा नेता डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत के नेतृत्व में हिंदू नववर्ष के अवसर पर लोहार्गल से ढिगाल तक वाहन रैली निकाली गई।

वाहन रैली मिनी हरिद्वार लोहार्गल से शुरू हुई जो कि कस्बे के चिराना, बागोरियां की ढाणी, टोंक छिलरी, बारवा, मोहनवाड़ी, खिरोड़, बसावा, भोजनगर, सुरजनपुरा, परसरामपुरा, पुजारी की ढाणी, गोठडा, झाझड़ होते हुए कस्बे के रामदेवरा चौक में पहुंची। रामदेवरा चौक से कस्बे के मुख्य बाजार होते हुए बिरोल, बाय, कोलसिया, नेहरों की ढाणी, कारी, जाखल, बुगाला, भगेरा, जयसिंहपुरा, बड़वासी, नवलड़ी, चैलासी, बलवंतपुरा, बलरिया, नाहरसिंघानी, कैरू, डूमरा, कसेरू, सोटवारा, जेजूसर, देलसर खुर्द, देलसर कलां, तोगड़ा, डाबडी बलौदा, चौराड़ी, ढिगाल, देवगांव नूआं, मांडासी, घोड़ीवारा, मुकुंदगढ बस स्टैंड, गोपीनाथ मंदिर, कानोड़िया कॉलेज, मुकुंदगढ मंडी, पबाना होते हुए डूंडलोद पहुंची। यहां पर हीरानाथ आश्रम में आकर वाहन रैली संपन्न हुई। भाजपा नेता डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति को समाज में पुनर्स्थापित करने की भावना को लेकर हिंदू नववर्ष के अवसर पर वाहन रैली निकाली गई। भाजपा नेता डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत ने वाहन रैली में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

रूप सिंह जाखल ने बताया कि 160 वाहनों के साथ में हिंदू नववर्ष के अवसर पर लगभग 220 किलोमीटर की वाहन रैली निकाली गई। जोकि लोहार्गल से शुरू होकर डूंडलोद के हीरानाथ आश्रम में आकर संपन्न हुई। डॉ. शेखावत ने आश्रम के महंत जीतनाथ महाराज से आशीर्वाद लिया। रैली का गांवों में लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीशप्रसाद सैनी, भाजपा नेता राजेश कटेवा, ओमेंद्र चारण, भवानीशंकर शर्मा, पीसी महण, समाजसेवी गिरधारीलाल इंदोरिया, पार्षद जयंती बील, महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, गोरधनसिंह चिराना, रामगोपाल चोबदार, मनीष बिश्नोलिया, गगनसिंह गोठड़ा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

शहादत दिवस पर निकाला अहिंसा मार्च

झुंझुनूं, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उमावि मंडावा में गुरूवार को शहादत दिवस का अहिंसा मार्च के रूप में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दामोदरप्रसाद जांगिड़, स्कूल निदेशक सुरेशचंद्र तेतरवाल, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार एवं सीबीएसई प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी एवं विद्यालय सीईओ अभिषेक तेतरवाल आदि मंचासीन अतिथि थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शहीद ए आज़म वीर भगत सिंह एवं राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दामोदरप्रसाद ने बताया कि शहीद दिवस देश के वीरों के प्रति समान प्रकट करने लिए मनाया जाता है। देश के पराधीनता काल में अनेकों वीर योद्धा हुए जिन्होंने अपने साहस और शौर्य के साथ देश के आन, बान, शान के लिए अपने प्राण त्याग दिए। इस वर्ष विभाग द्वारा शहादत दिवस को अहिंसा मार्च के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके लिए विद्यार्थियों द्वारा अहिंसा पथ संचलन का योजन किया गया। महात्मा गांधीजी ने देश में युवाओं को अहिंसा और सत्यता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया था। गांधीजी कहा करते थे अहिंसा सबसे मजबूत हथियार है। जिसके सामने बड़े बड़े क्रूर व्यक्ति पराजित हो जाते है। इस वर्ष शहादत दिवस पर अहिंसा मार्च का आयोजन युवाओं नागरिक जनों को संदेशित एवं जागृत करने के उद्देश्य से किया गया

संस्था निदेशक सुरेशचंद्र तेतरवाल ने विद्यार्थियों को वीर शहीद भगत सिंह के जीवन के बारे में बताया। भगत सिंह एक महान योद्धा थे। जिन्होंने अल्प आयु में ही स्वयं को देश के लिए समर्पित कर दिया था। हमें शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्र की सेवा सबसे बड़ा धर्म है जिसके लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। प्रत्येक युवा को समझना चाहिए की देश के प्रति हमें पूर्ण सम्मान, भक्ति भाव का निर्वहन करना चाहिए। अहिंसा, सत्यता एवं साहस के साथ हमें देश के गौरव की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता गोविंद सोनी ने किया।

हिंदू नव वर्ष मनाया

चिड़ावा, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से शहर की झुंझुनूं रोड पर चुंगी नाके के पास कृष्णा ठोटर फार्म हाउस में हिंदू नववर्ष महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वज फहराया गया। प्रार्थना हुई और पूजन कार्यक्रम हुआ। जिसके बाद मुख्य वक्ता संघ के प्रांत कार्यवाह गेंदालाल ने कहा कि हिंदू एकजुट होकर समाज, राज्य, राष्ट्र के उत्थान में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने हिंदू नववर्ष का प्रकृति, काल से जुड़ाव और इस दिन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईजी छाजूराम ने भी विक्रमी संवत् को लेकर प्रकाश डाला और अंठोजी नववर्ष की बजाय हिंदू नववर्ष मानने पर जोर दिया। इस मौके पर संघ के विभाग संघ चालक अशोक सिंह शेखावत, विभाग प्रचारक जब्बरसिंह, विभाग प्रचार प्रमुख प्रभुदयाल वर्मा, जिला प्रचारक अक्षय कुमार, जिला संघ चालक अनिल गुप्ता, नगर संघ चालक संदीप शर्मा, नगर संघ प्रचारक पीयूष कुमार, विस्तारक यश कुमार, जिला कार्यवाह धर्मेंद्र यादव, सह जिला कार्यवाह संतकुमार सैनी सहित काफी संख्या में संघ कार्यकर्ता और गणमान्यजन मौजूद रहे।

पैरा एथलेटिक्स के रनिंग में दो गोल्ड मैडल लेकर लौटी भारती का स्वागत

दो-दो मैडल जीतकर सादुलपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची 19 वर्षीय भारती।

सादुलपुर, (निसं)। पुणे में आयोजित 21वीं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2023 रनिंग में दो गोल्ड मैडल जीतकर राजगढ पहुँचने पर भारती चौधरी पुत्री मोहरसिंह का विजयी जुलूस निकालकर भव्य स्वागत किया गया।

एन.जी.ओ सी.ई.ओ बडगुजर ने बताया 21वीं पैरा एथलेटीक्स चेंपियनशिप में दो-दो गोल्ड मैडल जीतकर राजस्थान व चूरू मान बढाने वाली महज 19 वर्षीय भारती चौधरी पुणे से राजगढ पहुंचने पर शहर में डीजे के साथ विजयी जुलूश निकालकर एंव मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया गया। इस मौके पर अनेक संगठनो के पदाधिकारी भारती को सादुलपुर रेलवे स्टेशन पर बधाई देने पहुँचे। जिनमें कृष्ण भाकर, हेल्थ इंडिया सोसाइटी से सुमेर सिहाग, मकसूद चिस्ती, लोको पाइलेट पूनम चंद, टीआई ताज मोहम्मद, नीलम पूनिया व भारती के कोच जसवंत पूनिया सहित आर्मी रिटायर राजकुमार पूनिया ने गोल्ड मैडलिस्ट भारती को बधाई देते हुए कहा भारती एक मेहनती लडकी है, जो कई बार सर्जरी होने से भी नहीं घबराई और अपने हौसले पर अटल रही तथा आज राजस्थान का मान पुरे देश में बढाकर आई है। इस मौके पर किरशन, विकास चौधरी, मास्टर विजय, धर्मपाल श्योराण, ममता, पूनम पूनिया आदि मौजूद रही। वहीं गोल्ड मेडलिस्ट भारती चौधरी ने रोहतास छिरंग एवं कोच मुकेश जांगिड का धन्यवाद ज्ञापित किया। गोल्ड मेडलिस्ट भारती चौधरी ने बताया की अगर मुझे इन्होने पैरा स्पोर्ट्स में आने को नहीं बताते तो आज ये मेरा सपना पूरा नहीं होता और मैं ये मैडल नहीं जीत पाती, मेरा ये मैडल का श्रेय मैं इन दोनों को देती हूँ। वहीं बडगुजर ने गोल्ड मेडलिस्ट भारती को बधाई देते हुए कहा 19 वर्षीय भारती उन पैरा का होसला बनकर आई है जो अपने आपको कष्ट समझते हैं तथा 12 बार सर्जरी के बाद भी एशिया रिकॉर्ड से लेकर दो-दो गोल्ड मैडल जीतकर चूरू व राजस्थान का मान पुरे देश में बढाकर आई है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय तहसीलदार, सरदारशहर
क्रमांक :- भू-अ/2023/989 दिनांक 22.03.2023

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद याकुब पुत्र इब्राहिम जाति मुआल धोबी मुसलमान निवासी वार्ड नं. 36 सरदारशहर ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि रोहि मौजा घडसीसर में खेत खसरा नं. पुराना 635/616, तादादी 33 बीघा नया 997 तादादी 8.3500 है. भूमि जो इब्राहिम पुत्र चांदू जाति धोबी (मुस्लिम) निवासी सरदारशहर के नाम खातेदारी दर्ज है। खातेदार इब्राहिम पुत्र चांदू ने उक्त भूमि दिनांक 17.11.2009 को मुझ प्रार्थी के पुत्र सोयब अख्तर के पक्ष में वसीयत लिखकर नोटेरी तस्दीक करवा दी। वसीयकर्ता का देहांत दिनांक 16.09.2018 को हो गया। प्रार्थी उक्त वसीयत के आधार पर अपने पुत्र सोयब अख्तर के पक्ष में नामान्तरण दर्ज ओर तस्दीक करवाना चाहता है। प्रार्थी का आवेदन इस कार्यालय में लंबित है। अतः इस बाबत अगर किसी व्यक्ति को कोई एतराज हो, तो 15 दिवस के भीतर असलतन या वकालतन हाजिर होकर अपना एतराज पेश करें। बाद गुजरने मियाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा एवं प्रार्थना पत्र निस्तारित कर दिया जावेगा।

तहसीलदार (भू.अ.) सरदारशहर

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति मण्डावा जिला-झुंझुनूं
क्रमांकः-6652 दिनांकः-22.03.2023

सीमीत/खुली बोली निविदा/बीड सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु निम्न कार्यों की दरें निर्धारित करने हेतु अधिकृत/पंजिकृत विक्रेताओं/फर्मो/ठेकेदारों से कार्य के सामने अंकित तिथि अनुसार मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं निर्धारित दिनांक/समय पर कार्यालय पंचायत समिति मण्डावा में जमा करवाई जा सकती है। प्राप्त निविदाएं निर्धारित दिनांक/समय पर निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जावेगी।

क्र. सं.	नाम ग्राम पंचायत	अनुमानित लागत (रू. लाखों में)	अमानत राशि	बीड प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि व समय	बीड प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय	बीड प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि एवं समय	बीड प्रपत्र प्राप्त व जमा कराने का स्थान
1	प्रिंटर एवं कंप्यूटर की रिपेयरिंग ZJU2223SSRC0432	1.00	2000	28.03.2023 01.00 PM	28.03.2023 05.00PM	29.03.2023 11.00AM	पंचायत समिति, मंडावा
2	अल्पहार/भोजन व्यवस्था ZJU2223SSRC0428	2.50	5000	28.03.2023 01.00 PM	28.03.2023 05.00PM	29.03.2023 11.00AM	पंचायत समिति, मंडावा
3	स्टेशनरी ZJU2223SSRC0429	1.00	2000	28.03.2023 01.00 PM	28.03.2023 05.00PM	29.03.2023 11.00AM	पंचायत समिति, मंडावा
4	फोटो स्टेट ZJU2223SSRC0430	0.90	1800	28.03.2023 01.00 PM	28.03.2023 05.00PM	29.03.2023 11.00AM	पंचायत समिति, मंडावा
5	टेंट व्यवस्था ZJU2223SSRC0431	1.00	2000	28.03.2023 01.00 PM	28.03.2023 05.00PM	29.03.2023 11.00AM	पंचायत समिति, मंडावा
6	पं.स.क्षेत्र का वर्ष 2023-24 का मृत पशुओं की हड्डी एवं चमडे की ठेका निलामी खुली बोली द्वारा		5000	अमानत/धरोहर राशि दिनांक 31.03.2023 को 12.00 बजे तक जमा करवानी होगी खुली बोली दिनांक 31.03.2023 कोमंडावा 2.00 PM पर की जावेगी			पंचायत समिति

निविदा प्रपत्र शर्तें कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करवाकर क्रय किया जा सकता है। निविदा हेतु अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत बोली प्रतिभूति की राशि जमा करवानी होगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार क्रय समिति का होगा। निविदा/बीड को राज्य लोक उपापन पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकते है।

NIB NO:- ZJU2223A0244

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, मण्डाव

भारतीय नववर्ष के स्वागत में श्रीदादू बगीची में 5100 दीप प्रज्ज्वलित किए

बगड़, (निसं)। दादूपंथी संतों की तपोभूमि श्रीदादू बगीची समाधि स्थल पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष युगाब्द 5125 विक्रम संवत 2080 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर श्रीदादू द्वारा बगड़ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज के पावन सानिध्य में दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

श्रीदादू द्वारा सर्वाधिकारी शिष्य रोहित स्वामी ने बताया कि 5100 दीप प्रज्ज्वलित कर नवसंवत्सर का स्वागत किया गया। तत्पश्चात भगवान श्रीराम, संत श्रीदादूदयाल महाराज, भारत माता की आरती कर प्रसाद वितरण, भजन कीर्तन, भव्य आतिशबाजी का आयोजन हुआ। ज्ञानीराम बेदी एंड पार्टी, गोपाल जांगिड़, उमा पुरोहित, संजू राठौड़ एवं महिला मंडली ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, सांसद पुत्र अतुल खीचड़, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद सिंह राठौड़, पूर्व पालिकाध्यक्ष विक्रम सिंह शेखावत, राजेंद्र भांबू, कुलदीप सिंह शेखावत, पार्षद अजय सिंह शेखावत, पार्षद कांता सैनी, नरेश अड़ीचवाल, बिंदू राठौड़, राकेश शर्मा, हरिसिंह शेखावत, अभयसिंह शेखावत, राजेंद्र राठौड़, पुरुषोत्तम शर्मा, बगड़ व्यापार संघ एवं विहिप बगड़ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शेखावत, विनोद पुरोहित, प्रयागराज जांगिड़, गोपाल कटोडा, बलबीर सैनी, सतीश माहेश्वरी, संदीप माहेश्वरी, इंद्रप्रकाश लाटा, संजू सैनी, सतीश सैनी, मुकेश कुमावत, बलराज कुमावत, योगेंद्र सिंह शेखावत, जयराम शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, चंद्रशेखर दाधीच, मदन शेखावत, महेंद्र जांगिड़, सुरेंद्र गढ़वाल, राजेंद्र चौधरी, बलराज कुमावत, मनोज बुहाना, विक्रम सिंह राठौड़, चिंटू माहेश्वरी, नरेंद्र राणासरिया, सुनील झाझड़िया, मुन्ना स्वामी, विनोद स्वामी, बीरबल सैनी, रोशन स्वामी, रुद्राक्ष रुंगटा, गुरुदयाल, मयंक राठौड़ सहित बड़ी संख्या में धर्मावलंबीजन, जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक सांवरमल लाटा एवं श्रीदादूद्वारा के आशीष स्वामी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

श्रीदादू बगीची समाधि स्थल पर 5100 दीप प्रज्ज्वलित कर नवसंवत्सर का स्वागत किया गया।